उपयंत्री रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जबलपुर लोकायुक्त की कार्रवाई, बिल पास करने मांगी थी रिश्वत

नरसिंहपुर देशबन्धु। नगरपालिका में पदस्थ उपयंत्री संजय तिवारी को लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई से नगरपालिका में हड़कंप मच गया। लोकायुक्त इंस्पेक्टर ब्रजमोहन सिंह नोरिया ने बताया कि शिकायतकर्ता भीष्म नारायण राजपूत सरिता कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालन करता हैं।

उन्हें कृष्णा वार्ड के मरही माता क्षेत्र में पेवर ब्लॉक निर्माण का टेंडर मिला था। कार्य पूरा होने के बाद उन्हें लगभग 3 लाख 39 हजार रुपए का भुगतान मिलना था।

आरोप है कि उपयंत्री संजय तिवारी ने बिल पास करने के लिए पहले 15 से 15.5 प्रतिशत कमीशन की मांग की, जो करीब 50-55 हजार रुपए होती थी। शिकायतकर्ता की ओर से असमर्थता जताने पर आरोपी कम रकम पर राजी हो गया और भुगतान जारी होने के बाद रिश्वत देने की बात तय हुई। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहते थे, लेकिन आरोपी ने सिक्योरिटी डिपॉजिट (एफडीआर) रोकने और अन्य भुगतान अटकाने की धमकी दी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। आरोपी ने 38 हजार रुपए की मांग की थी, लेकिन शिकायतकर्ता केवल 25 हजार रुपए का ही इंतजाम कर सका।

बुधवार को लोकायुक्त पुलिस ने संजय तिवारी को उनके कार्यालय में 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एनटीपीसी में संचालित फ्लाई एश के वाहनों की हुई जांच

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला परिहवन अधिकारी और उनकी टीम के द्वारा एनटीपीसी गाडरवारा में संचालित फ्लाई एश के वाहनों की जांच बुधवार को की गई।

वाहनों की जांच के दौरान 4 वाहन असुरक्षित परिवहन करते पाए गए। मौके पर ही इन वाहनों पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही एक बस वाहन क्रमांक एमपी 20 पीए 0797 बिना परमिट के संचालित होने पर 25 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार उक्त सभी वाहनों पर कुल 42 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

5. 40 लाख रुपए कीमत की 54.1 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ़्तार

गाडरवारा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध ऑपरेशन ईगल क्लॉ चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा ललित सिंह डागुर के निर्देशन तथा थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना गाडरवारा पुलिस की अलग-अलग टीमों के द्वारा 07/04/2026 को *02 ड्रग पैडलर्स के पृथक-पृथक कब्जे से कुल 5 लाख 40 हजार रूपये कीमत की कुल 54.1 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद* की करने में सफलता हासिल की गई। दिनांक 07/04/2026 की शाम करीबन 4 बजे गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा डमरू घाटी के बाजू में केंकरा रोड गाडरवारा में पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने वाले संदेही बाबूलाल कौरव पता छत्तर सिंह कौरव उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम बरहटा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 39 ग्राम स्मैक जिसकी कीमती करीबन 3 लाख 90 हजार रूपये है, जप्त किया गया।

इसी प्रकार, दिनांक 07/04/2026 की रात करीबन साढ़े 11 बजे गाडरवारा पुलिस की एक अन्य टीम के द्वारा इमलिया मरघटा गाडरवारा के पास संदेह के आधार पर वीरेन्द्र भाट पिता लक्ष्मी प्रसाद भाट उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कौड़िया थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 15.1 ग्राम स्मैक जिसकी कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रूपये है,जप्त किया गया । पुलिस टीमों के द्वारा आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी बाबूलाल कौरव के द्वारा उक्त स्मैक कुछ दिन पूर्व अपने अन्य साथी से खिलचीपुर से लाना बताया। आरोपीगण के विरूद्ध थाना गाडरवारा में एन.डी.पी.एस. एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सार-समाचार

जिला कलचुरी समाज ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गाडरवारा, देशबन्धु। विगत दिवस गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पनागर में कलचुरी समाज के परिवारों के ऊपर अपार दुखो का पहाड़ टूट गया है, उनकी लगभग 100 एकड़ गेहूं की फसल आग में जल गई है कुछ परिवारों को बहुत बुरी स्थिति से जूझना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में जिला कलचुरी कलार समाज द्वारा पीड़ित परिवारों के समर्थन में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सहायता राशि प्रदान किए जाने की अपील की। इस खेत आगजनी में समाज के आजाद चौकसे,राहुल चौकसे,उमाशंकर चौकसे, मनीश चौकसे,रामदयाल चौकसे,रमाकांत चौकसे इत्यादि को भारी नुकसान हुआ है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे, जिला संयोजक किशोर राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने पीड़ित परिवारजनों के घर पहुंचकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही ग्राम के स्वर्गीय हल्केवीर जी चौकसे जी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रविशेखर जायसवाल,महासचिव नरेंद्र राय,जिलाध्यक्ष युवा इकाई आशीष राय,गाडरवारा अध्यक्ष मनीष जायसवाल,तेंदूखेड़ा से पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश राय,रीतेश राय,राकेश जायसवाल,रूपेश राय,प्रमोद चौकसे,कैलाश राय,अखिलेश राय,रजनीश राय महेश राय पुरुषोत्तम राय सहित ग्राम पनागर से अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहें।

एआर राव बने प्रथम श्रेणी सहयोगी एनसीसी अधिकारी

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के एनसीसी अधिकारी ए. आर. राव द्वितीय सहयोगी एनसीसी अधिकारी से पदोन्नत होकर प्रथम सहयोगी एनसीसी अधिकारी बन गए । उनकी रैंक सेरेमनी 1 मप्र बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा की उपस्थिति में 1 मप्र बटालियन जबलपुर में की गई । आप 2014 से लगातार इस विद्यालय को एनसीसी अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है । उनके इस कार्यकाल में अनेक कैडेट्स पुलिस और आर्मी में भर्ती होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । अब श्री ए आर राव मुख्य सहयोगी एनसीसी अधिकारी बनने के लिए एक माह का प्रशिक्षण ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी कामठी नागपुर से प्राप्त करेंगें। उनकी इस उपलब्धि पर जिला शिक्षाधिकारी, डॉ अनिल कुशवाहा, संस्था प्राचार्य जी एस पटेल और विद्यालय के स्टॉफ के सभी सदस्यों ने बधाई एवं आगामी प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता और विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में रोगी कल्याण समिति की बैठक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसहमति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला चिकित्सालय में स्थापित 2 नग लिफ्ट के रखरखाव के लिए एमएसी, लेबर रूम के लिए एक नग एयर प्यूरीफायर क्रय करने और ब्लड बैंक में संचालित उपकरणों के लिए अनुमानित 2 लाख रुपये की लागत से 50 केव्हीए का स्टेबलाइजर क्रय करने के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किए गए।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मरीजों से ली उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, मेटरनिटी वार्ड, चाइल्ड वार्ड, पीएनसी वार्ड एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। साथ ही अस्पताल परिसर में चल रहे रैन बसेरा भवन निर्माण कार्य, पार्किंग व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरा के भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के परिजनों को रूकने की सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. आर.के. चौधरी, आरएमओ डॉ. राहुल नेमा, डॉ. ऋचा मिश्रा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. स्वाति मीणा, पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका नेमा, डॉ. राजेन्द्र डेहरिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रहे उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सकीय परामर्श, दवाईयां, डॉक्टर के द्वारा वार्डों में भर्ती मरीजों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्टाफ के व्यवहार आदि के संबंध में जानकारी ली। मरीजों द्वारा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने ब्लड बैंक में ब्लड बैग के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से चर्चा कर टीकाकरण एवं उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, पेयजल आपूर्ति निर्बाध रखने आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुलिस बैंड दल की प्रस्तुति से भाव-विभोर हुए लोग

नरसिंहपुर, देशबन्धु। नरसिंह मंदिर प्रांगण में मध्यप्रदेश पुलिस बैंड दल द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना, अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, रक्षित निरीक्षक मनोरमा बघेल एवं बड़ी संख्या में नगरवासी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंड दल द्वारा देशभक्ति गीतों एवं लोकप्रिय धुनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण उत्साह एवं उल्लास से भर गया।

उपस्थित जनसमूह बैंड की सुमधुर धुनों पर मंत्रमुग्ध हो गया तथा कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। पुलिस बैंड दल की अनुशासित, समन्वित एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। इस आयोजन के माध्यम से पुलिस एवं आमजन के बीच आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने का सकारात्मक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना विभाग द्वारा सभी उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य

पुलिस एवं आमजन के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करना, नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना बढ़ाना, सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक माहौल का निर्माण,समाज में शांति, सौहार्द एवं अनुशासन का संदेश देना, युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना रहा। साथ ही आरक्षक (बैण्ड) भर्ती वर्ष 2026 के अंतर्गत कुल 679 पदों पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना।

विधुत कर्मचारियों ने 39वां बलिदान दिवस मनाया

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मप्रविद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के संयोजक एम,एवं, चौकसे के नेतृत्व में आज से 39 वर्ष पीछे प्रदेश के विद्युत कर्मचारी अपनी लंबित 18 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन के दौरान सारनी पावर हाउस के सामने गेट पर पुलिस की गोली के शिकार 8 अप्रैल 87 को साथी कश्मीरा सिंह की शहादत से कर्मचारियों ने अपना आंदोलन तेज किया, और म, प्र,सरकार ने विद्युत कर्मचारियों की मांगों को पूरा किया मुख्यत: लाइन कर्मचारियों को पेंशन, छुट्टी सामानता, मस्टर रोल कर्मचारियों का नियमितीकरण किया था । प्रतिवर्ष की भांति इस ऐतिहासिक दिन 8 अप्रैल को 39 वां बलिदान दिवस नरसिंहपुर में शहर वितरण केंद्र के समक्ष जनता यूनियन के महासचिव विजय चौकसे के आतिथ्य में बड़ी संख्या में कर्मचारियों द्वारा मनाया गया, सभा का संचालन और आभार व्यक्त ओ,पी, सोनी ने किया।

असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स जिला इकाई के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

गाडरवारा, देशबन्धु। असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा की अनुशंसा पर जिला इकाई नरसिंहपुर की सूची जिला अध्यक्ष बद्रीप्रसाद कौरव ने चुनें गये पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी की है।

बड़े लम्बे समय से जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करना वर्तमान समय में बहुत ही मुश्किल है क्योंकि अब पत्रकार संगठन अनेक हो गये है इस विकट स्थिति में असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स से पत्रकारों को जोड़ना आसान कार्य नहीं है लेकिन बद्री प्रसाद कौरव ने हार नहीं मानी और पत्रकारों से निरंतर सम्पर्क करते रहे और असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स के द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया जो पत्रकार हित के है।

जारी की गई सूची के अनुसार जिले के अध्यक्ष बद्री कौरव ने जो टीम बनाई है उसमें संरक्षक अमित जैन करेली, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा पंडा गाडरवारा, जितेन्द्र कठर सालीचौका, सचिव अवधेश चौकसे सालीचौका, सह सचिव संजय रावत गाडरवारा, कोषाध्यक्ष सतीश लमानिया, कार्यकारिणी सदस्य बृजेश पटेल बगलई, राजा शर्मा गाडरवारा, अनुभव कौरव सीहोरा, अंकित कौरव बारहटा, देवेंद्र कुमार चौधरी चीचली तथा गाडरवारा तहसील अध्यक्ष रजनीश कौरव गाडरवारा को स्थान दिया गया है।

सूचना

मैं शपथकर्ता गिरीश विश्वकर्मा पिता श्री राधेश्याम विश्वकर्मा उम्र 49 वर्ष, निवासी ग्राम ढिगसरा, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरी पत्नि का नाम श्रीमति हरिबाई है। मेरे पुत्र अंश विश्वकर्मा जन्म दि. 13.3.2010 को कामायनी मेटरनिटी एंड नर्सिंग होम नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर में हुआ था। नगर पालिका नरसिंहपुर द्वारा मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम त्रुटिवश कुलदीप विश्वकर्मा दर्ज हो गया है जो कि घरेलू नाम है जबकि पुत्र का सही नाम अंश विश्वकर्मा है जो कि पुत्र के संपूर्ण दस्तावेजों में पुत्र का सही नाम दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का सही नाम अंश विश्वकर्मा दर्ज करवाना चाहता हूं एवं उक्त जन्म प्रमाण पत्र को डिजिटल करवाना चाहता हूं, जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

गिरीश विश्वकर्मा

बोहानी में गन्ना अनुसंधान केन्द्र के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

गाडरवारा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित नवाचार पर केन्द्रित कृषि मंथन कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। उन्होंने जिले के ग्राम बोहानी में गन्ना अनुसंधान केन्द्र के 1.11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण समारोह एवं जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ हुआ। ग्राम बोहानी में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित नवाचार पर केन्द्रित कृषि मंथन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मौजूद अतिथियों, किसानों और नागरिकों ने देखा एवं सुना। विधायक श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरव और हर्ष का क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा गन्ना अनुसंधान केंद्र बोहानी के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण हम सभी के लिए एक बड़ी सौगात है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं है, बल्कि किसान भाइयों के उज्जवल भविष्य का आधार है। गन्ना अनुसंधान केंद्र के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, नई तकनीक और वैज्ञानिक मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे उनकी फसल की पैदावार बढ़ेगी और आय में वृद्धि होगी। इससे न केवल हमारे क्षेत्र की कृषि मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है और गांव, गरीब व किसान को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, राव वीरेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा, शिवदयाल खेरोनिया, राहुल कौरव, रामकुमार ठाकुर, हरिप्रताप ममार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम गाडरवारा कलावती व्यारे, अन्य अधिकारी, किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 147 अ-20 (1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/4/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
08	कंदेली	8/20	630 वर्गफुट	नन्हेलाल आ.डब्बलसिंह राय सा.गाडरवाराखेड़ा तहसील नरसिंहपुर	नन्हेलाल आ.डब्बलसिंह राय सा.गाडरवाराखेड़ा तहसील नरसिंहपुर

आज दिनांक- 23/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 147 अ-20 (1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/4/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
08	कंदेली	8/20	630 वर्गफुट	नन्हेलाल आ.डब्बलसिंह राय सा.गाडरवाराखेड़ा तहसील नरसिंहपुर	नन्हेलाल आ.डब्बलसिंह राय सा.गाडरवाराखेड़ा तहसील नरसिंहपुर

आज दिनांक- 23/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- रांगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- रांगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए